Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स झारखंड

## दिसंबर 2023

(संग्रह)

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम

**झारखंड** **3**

- डीपीएस बोकारो को मिला 'ग्लोबल स्कूल अवार्ड 2023' 3
- राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप में झारखंड को मिले 5 स्वर्ण सहित 23 पदक 3
- झारखंड की मनीषा केरकेट्टा ने जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग में जीता रजत पदक 4
- झारखंड की सरिता कुमारी ने नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक 5
- एल. खियांग्ते बने झारखंड के नए मुख्य सचिव 5
- देश के स्मार्ट शहरों की रैंकिंग में राँची का दूसरा स्थान 7
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया 5308 योजनाओं का शिलान्यास 9
- मुख्यमंत्री ने 467 करोड़ रुपए की योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास 11
- झारखण्ड विधानसभा ने दोबारा पास किया डोमिसाइल बिल 13
- झारखंड में पहली बार बाढ़ से निपटने के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किया मॉक ड्रिल 13
- झारखंड में बालाजी मंदिर 13

**नोट :**

# झारखंड

## डीपीएस बोकारो को मिला 'ग्लोबल स्कूल अवार्ड 2023'

### चर्चा में क्यों ?

29 नवंबर, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), बोकारो को नवाचार आधारित बेहतर शैक्षणिक वातावरण मुहैया कराने व छात्र- छात्राओं के समग्र विकास की श्रेणी में 'ग्लोबल स्कूल अवार्ड 2023' से नवाजा गया है।

### प्रमुख बिंदु

- एकेएस एजुकेशन अवाड्र्स की ओर से नई दिल्ली में आयोजित वैश्विक सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय की ओर से उप-प्राचार्य अंजनी भूषण ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।
- उत्तफ़ समारोह में 70 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था, जहाँ के शैक्षणिक प्रतिष्ठान, शिक्षक व अन्य हितधारक विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किये गए। इनमें झारखंड से एकमात्र डीपीएस बोकारो को ग्लोबल स्कूल अवार्ड पाने का अवसर मिला।
- 29 नवंबर को विद्यालय में आयोजित एक विशेष एसेंबली में इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। उप-प्राचार्य ने प्राचार्य डॉ. ए.एस. गंगवार को यह सम्मान सुपुर्द किया।




## राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप में झारखंड को मिले 5 स्वर्ण सहित 23 पदक

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में खेलगाँव रांची में आयोजित 29वीं सब जूनियर तथा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड थांग-टा टीम के खिलाडियों ने 5 स्वर्ण सहित कुल 23 पदक जीते।

### प्रमुख बिंदु

- धनबाद के राजकुमार किस्कू ने सीनियर वर्ग में 46 किलो भार वर्ग की स्पर्द्धा में अपने प्रतिद्वंद्वी पंजाब के नीलेश यादव को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

नोट :

- महिलाओं के 44 किलो भार वर्ग में पूनम कुमारी ने हरियाणा की कुमारी भतेरी को हारकर स्वर्ण पदक जीता।
- राज्य के लिये संदीप कुमार पासवान, अनिल प्रसाद महतो, जुली कुमार, अक्षिता पंडित और शिव कुमार महतो सहित 6 खिलाड़ियों ने रजत पदक जीता।
- राज्य के लिये उषा कुमारी, अनुकल्प प्रसाद, नैना कुमारी गुप्ता, मानशि केशरी, अनिकेत कुमार, निशांत कुमार, सिद्धांत श्रेष्ठ, उन्नति प्रिया, प्रिय केशरी सहित 12 खिलाडियों ने कांस्य पदक जीता।
- मेजबान झारखंड की टीम ने 5 स्वर्ण, 6 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ पाँचवें स्थान पर रही।
- विदित हो कि मणिपुर ने ओवरआल चैंपियन का खिताब जीता, जबकि जम्मू-कश्मीर दूसरे तथा असम की टीम तीसरे स्थान पर रही।

## झारखंड की मनीषा केरकेट्टा ने जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग में जीता रजत पदक

### चर्चा में क्यों ?

3 दिसंबर, 2023 को आर्मेनिया में हो रहे IBA जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड के सिमडेगा ज़िले की मनीषा केरकेट्टा ने 54 किलो बालिका वर्ग में रजत पदक जीता।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि आर्मेनिया के येरेवन में जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2023 का आयोजन 24 नवंबर से 4 दिसंबर, 2023 तक किया गया। इस प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिता में 26 भार वर्गों में 58 देशों की 448 युवा प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- झारखंड की मनीषा केरकेट्टा 54 किलो बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की अयाजान सीडिक के हाथों हार गई और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।
- उल्लेखनीय है कि झारखंड के सिमडेगा ज़िले की कोनपाला पंडरीपानी गाँव की मनीषा केरकेट्टा वर्ल्ड जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 23 साल बाद रजत पदक जीतने वाली झारखंड की पहली महिला खिलाड़ी बन गई है।
- मनीषा केरकेट्टा वर्ष 2018 से सीसीएल और झारखंड सरकार के संयुक्त पहल से चलाई जा रही खेल अकादमी 'झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी' (JSSPS) की प्रशिक्षु हैं और प्रशिक्षक द्रोणाचार्य अवार्डी कैप्टन ब्रजभूषण मोहंती से प्रशिक्षण ले रही हैं।1



## झारखंड की सरिता कुमारी ने नेशनल ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

### चर्चा में क्यों ?

3 दिसंबर, 2023 को भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और झारखंड साइकिलिंग संघ के संयुक्त तत्वावधान में सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम खेलगाँव रांची में आयोजित राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड की सरिता कुमारी ने स्प्रिंट इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।

### प्रमुख बिंदु

- विदित हो कि भारतीय साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और झारखंड साइकिलिंग संघ के संयुक्त तत्त्वावधान में सिदो कान्हु वेलोड्रम स्टेडियम खेलगाँव रांची में 75वीं सीनियर महिला एवं पुरुष, 52वीं जूनियर तथा 38वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।
- झारखंड की लोहरदगा ज़िला की रहने वाली अंतर्राष्ट्रीय साइक्लिस्ट सरिता कुमारी अब तक जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय खेलो इंडिया आदि प्रतियोगिता में कई पदक जीती है।
- सरिता कुमारी ने चंडीगढ़ में 26 से 27 नवंबर, 2022 को आयोजित दो दिवसीय खेलो इंडिया साइकिलिंग विमेन लीग में सब जूनियर बालिका वर्ग में मास स्टार्ट स्पर्द्धा साइकिलिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक तथा टाइम ट्राइल ( 10 किमी. ) में रजत पदक जीता था।






## एल. खियांग्ते बने झारखंड के नए मुख्य सचिव

### चर्चा में क्यों ?

7 दिसंबर, 2023 को झारखंड के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एल. खियांग्ते ने झारखंड के नए मुख्य सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया है।

### प्रमुख बिंदु

- एल. खियांग्ते झारखंड के 24वें मुख्य सचिव बने हैं। खियांग्ते ने सुखदेव सिंह का स्थान लिया है। सुखदेव सिंह को श्रीकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन का महानिदेशक बनाया गया है।
- खियांग्ते 1988 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इसके पहले वह श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक के पद पर थे।
- खियांग्ते 31 अक्टूबर, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

नोट :



## नीति आयोग के एबीपी की पहली डेल्टा रैंकिंग में पूर्वी भारत में झारखंड के दुमका ज़िले का रामगढ़ ब्लॉक दूसरे स्थान पर

### चर्चा में क्यों ?

7 दिसंबर, 2023 को नीति आयोग द्वारा घोषित एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) की पहली डेल्टा रैंकिंग में जोन 6 में शामिल पूर्वी भारत में झारखंड के दुमका ज़िले के रामगढ़ ब्लॉक को दूसरा स्थान मिला है।

### प्रमुख बिंदु

- एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) की पहली डेल्टा रैंकिंग में तेलंगाना के आसिफाबाद के तिरियानी कुमुरम भीम ब्लॉक को पहला और उत्तर प्रदेश के कौशांबी ज़िले के कौशांबी ब्लॉक को दूसरा स्थान मिला।
- ब्लॉकों को भौगोलिक दृष्टि से छह जोनों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक जोन से दो ब्लॉकों को रैंकिंग दी गई है।
  - जोन 1, जिसमें पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ द्वीप भी शामिल हैं, में पहले और दूसरे स्थान पर क्रमश: अमरी ब्लॉक (पश्चिम कर्बी आंगलोंग, असम) और नगोपा ब्लॉक (सैतुअल, मिजोरम) रहे।
  - जोन 2, जिसमें उत्तर भारतीय राज्य शामिल हैं, में उत्तर प्रदेश के बस्ती ज़िले के हर्रैया ब्लॉक ने पहला और गाजीपुर ज़िले के विरनो ब्लॉक ने दूसरा स्थान हासिल किया।
  - दक्षिणी राज्यों वाले जोन 3 में, मस्की ब्लॉक (रायचूर, कर्नाटक) और नारनूर (आदिलाबाद, तेलंगाना) को शीर्ष रैंकर घोषित किया गया।
  - पश्चिमी भारतीय राज्यों में, जिसमें जोन 4 शामिल हैं, महाराष्ट्र के गढ़चिरोली ज़िले में सिरोंचा और अहेरी ब्लॉक विजेता बनकर उभरे।
  - जोन 5 के तहत मध्य भारत में मध्य प्रदेश के धार ज़िले का तिरला ब्लॉक और बड़वानी ज़िले का पाट ब्लॉक विजेता रहे।
  - जोन 6 में शामिल पूर्वी भारत में बिहार के सीवान ज़िले का आंदर ब्लॉक पहले और झारखंड के दुमका में रामगढ़ ब्लॉक दूसरे स्थान पर रहे।
- सभी श्रेणियों में विजेताओं को शीर्ष रैंक के लिये 1.5 करोड़ रुपए और दूसरे रैंक के लिये 1 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा।
- ब्लॉकों की रैंकिंग की गणना ब्लॉकों के प्रदर्शन और जून, 2023 के महीने में प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों (केपीआई) में प्राप्त प्रगति के आधार पर की गई।

नोट :

- केपीआई के आधार पर ब्लॉकों की रैंकिंग करना कार्यक्रम की एक मुख्य रणनीति है, जो प्रतिस्पर्द्धी और सहकारी संघवाद की भावना पर आधारित है। यह पहला मौका है कि आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ब्लॉकों की रैंकिंग की गणना की गई है।
- विदित हो कि एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) 7 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया था। एबीपी भारत के सबसे कठिन और अपेक्षाकृत अविकसित ब्लॉकों में नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिये शासन में सुधार पर केंद्रित है। भारत के 27 राज्यों और 4 केंद्रशासित प्रदेशों के 329 ज़िलों के 500 ब्लॉक इस कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

## देश के स्मार्ट शहरों की रैंकिंग में राँची का दूसरा स्थान

### चर्चा में क्यों ?



7 दिसंबर, 2023 को झारखंड के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार देश के 100 स्मार्ट शहरों में हो रहे विकास कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर होने वाली लाइव रैंकिंग में झारखंड की राजधानी राँची ने पूरे देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### प्रमुख बिंदु

- इस रैंकिंग में कुल 350 अंकों में राँची को 324.48 अंक प्राप्त हुआ है। वहीं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गुजरात के शहर सूरत को 335.79 अंक प्राप्त हुआ है।
- स्मार्ट सिटी वाले शहरों में विकास के आधार पर केंद्र द्वारा जारी संबंधित राज्यों की रैंकिंग में झारखंड को देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। राज्यों की श्रेणी में झारखंड को 350 अंकों में 324.48 अंक प्राप्त हुआ है।
- राँची के धुर्वा क्षेत्र में विकसित हो रहे राँची के स्मार्ट सिटी में आधारभूत संरचना के विकास का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। वहीं तीन चरणों में आवासीय, मिक्स यूज, इंस्टिट्यूशनल, हेल्थ सेक्टर और पब्लिक सेमी पब्लिक नेचर के कई बड़े प्लॉट का ई-ऑक्शन भी संपन्न हो चुका है तथा चौथे चरण के ऑक्शन का कार्य प्रक्रियाधीन है।




- विदित हो कि राँची स्मार्ट सिटी के तहत् विकसित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 2021 में ही पूर्ण हो चुका है और यह योजना पूर्ण रूप से कार्य कर रही है। इसके तहत् राँची में ट्रैफिक मैनेजमेंट, निगरानी जैसे कार्य से शहरवासियों को लाभ मिल रहा है।

नोट :

- वहीं कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से प्रतिदिन लगभग तीन हज़ार यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों की सूची राँची पुलिस को मुहैया कराई जा रही है ताकि उनका ई-चालान निर्गत किया जा सके।
- इसके अलावा स्मार्ट सिटी में राज्य पोषित अर्बन सिविक टॉवर परियोजना का कार्य अपने अंतिम चरण में है। वहीं 656 एकड़ भूमि में बन रहे राँची स्मार्ट सिटी एबीडी एरिया का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है।
- रैंकिंग के लिये सरकार द्वारा निर्धारित मानदंड इस प्रकार हैं-
  - स्मार्ट सिटी मिशन की योजनाओं के तहत हो रहे विकास कार्यों के पूर्ण होने पर मिलने वाला अंक।
  - ननएससीएम के तहत चल रही योजनाओं के पूर्ण होने पर प्राप्त होने वाला अंक।
  - फंड यूटिलाइजेशन।
  - पिछले माह का एक्सपेंडिचर।
  - इंडिया साइकिल फॉर चेंज और ट्रांसपोर्ट फॉर ऑल के लिये उठाए गए कदम।
  - ट्यूलिप के तहत विभिन्न क्षेत्रों में पढ़ाई कर रहे बच्चों को कराए गए इंटर्नशिप।
  - सिटी लेवल एडवाइजरी फॉर्म की बैठकों इत्यादि।

## राज्य के लगभग 4 लाख 90 हज़ार स्कूली बच्चे-बच्चियों को मिला साइकिल वितरण योजना का लाभ

### चर्चा में क्यों ?

10 दिसंबर, 2023 तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत् 4 लाख 90 हज़ार बच्चे-बच्चियों को साइकिल खरीद हेतु 220 करोड़ रुपए से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में डीबीटी के तहत भेजी गई है।




### प्रमुख बिंदु

- आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान के अंतर्गत साइकिल क्रय हेतु राशि का वितरण किया जा रहा है।
- राज्य सरकार द्वारा अब तक 220 करोड़ रुपए से अधिक की राशि साइकिल खरीद हेतु स्कूलों में अध्ययनरत् पात्र बच्चे-बच्चियों के बैंक खातों में डाले गए हैं।

नोट :

- 29 दिसंबर, 2023 तक साइकिल खरीद हेतु कुल 360 करोड़ रुपए की राशि का वितरण किया जाएगा।
- साइकिल वितरण योजना अंतर्गत सत्र 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 के 8वीं कक्षा के लाभार्थी विद्यार्थी शामिल हैं।
- उक्त सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हज़ार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर, 2023 तक साइकिल खरीदने के लिये उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है।
- विदित हो कि झारखंड के सभी 24 ज़िलों को मिलाकर कल्याण विभाग को लगभग 8 लाख पात्र लाभार्थी बच्चों की सूची प्राप्त हुई थी।






## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया 5308 योजनाओं का शिलान्यास

### चर्चा में क्यों ?

12 दिसंबर, 2023 को दुमका सदर प्रखंड के हेठ कोरैया पंचायत के बड़ा ढाका में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 835 करोड़ रुपए की लागत वाली 5308 योजनाओं का शिलान्यास किया।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 199.38 लाख रुपए की 50 योजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य में 24 नवंबर से 29 दिसंबर तक तीसरे चरण का 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम चल रहा है।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वजन पेंशन, गुरू जी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फूले योजना सहित कई महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिये राज्य में 5000 उत्कृष्ट विद्यालयों को स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में प्रदेश में 80 उत्कृष्ट विद्यालय संचालित है।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि दुमका में 650 करोड़ रुपए की लागत से 800 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जाएगा, जबकि पथ निर्माण विभाग के माध्यम से 1000 करोड़ रुपए की लागत से 650 किलोमीटर सड़क बनेगी।
- मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य के गरीबों के लिये 20 लाख अतिरिक्त हरा राशन कार्ड बनाया गया है। अब इन कार्डधारियों को एक किलो दाल भी मुहैया कराया जाएगा।







नोट :

## मुख्यमंत्री ने 467 करोड़ रुपए की योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

### चर्चा में क्यों?

19 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुमला ज़िले के कसीरा पंचायत स्थित छापर टोली में आयोजित "आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम में शामिल हुए तथा 467 करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।






### प्रमुख बिंदु:

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 402 करोड़ रुपए की 105 योजनाओं का शिलान्यास किया।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 64 करोड़ रुपए की 45 योजनाओं का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 1,45,091 लाभार्थियों को 204 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया।
- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अनुकम्पा एवं DMFT के तहत कुल 85 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा।
- इस कार्यक्रम में बताया गया कि गुमला ज़िले में 625 करोड़ रुपए की लागत से 800 कि०मी० ग्रामीण सड़क एवं पथ निर्माण विभाग के तहत 300 करोड़ रुपए की लागत से 200 कि०मी० सड़क का निर्माण किया जा रहा है।
- इस कार्यक्रम में बताया गया कि 242 करोड़ रुपए की लागत से नौ सिंचाई योजना का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 25 हजार एकड़ भूमि सिंचित करने का लक्ष्य रखा गया है।

नोट :

- इस कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 25,332 किशोरियों को लाभ प्रदान किया गया।
- इस कार्यक्रम में बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत 3804 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।
- इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 1050 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।






## झारखण्ड विधानसभा ने दोबारा पास किया डोमिसाइल बिल

### चर्चा में क्यों?

21 दिसंबर 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड विधानसभा द्वारा दोबारा 1932 भूमि अभिलेख पर आधारित डोमिसाइल बिल को पास कर दिया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- इस डोमिसाइल बिल में लोगों की निवास स्थिति को निर्धारित करने के लिए 1932 के भूमि अभिलेखों को मान्यता प्रदान की गई है।
- इस बिल में यह प्रावधान है कि केवल 1932 या उससे पहले के खतियान (भूमि रिकॉर्ड) में सूचीबद्ध व्यक्तियों या उनके पूर्वजों को ही झारखंड का स्थानीय निवासी माना जाएगा।
- इसी के आधार पर ही वे प्रदेश में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की सरकारी नौकरियों के हकदार होंगे।
- विदित हो कि ध्वनि मत से पारित डोमिसाइल बिल को हाल ही में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कुछ सुझावों के साथ लौटा दिया था।
- झारखण्ड सरकार ने 11 नवंबर 2022 को एक विशेष सत्र के दौरान झारखंड में स्थानीय लोगों की परिभाषा एवं उन्हें अन्य लाभ देने के लिए डोमिसाइल विधेयक 2022 पारित किया था, जिसे 1932 खतियान बिल के रूप में भी जाना जाता है।

## झारखंड में पहली बार बाढ़ से निपटने के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किया मॉक ड्रिल

### चर्चा में क्यों?

21 दिसंबर 2023 को झारखंड में बाढ़ से निपटने के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राँची के धुर्वा डैम सहित राज्य के सभी 24 ज़िलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य बाढ़ में फँसे लोगों को रेस्क्यू कर उन तक रिलीफ पहुँचाना, चिकित्सीय सुविधा पहुँचाना तथा सभी विभागों को आपस में समन्वय बनाकर राहत एवं बचाव कार्य करना है।
- यह मॉक ड्रिल राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार के प्रतिनिधि ब्रिगेडियर बीरेन्द्र ठाकर के मार्गदर्शन में किया गया।
- इस मॉक ड्रिल में 5 टीम एनडीआरएफ की, 1 टीम एसडीआरएफ की, बिजली विभाग, बीएसएनएल, मेडिकल टीम, नगर निगम, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, पेयजल विभाग, ज़िला प्रशासन के पदाधिकारी और अग्निशामक दल ने भाग लिया।

## झारखंड में बालाजी मंदिर

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम् (TTD) ने झारखंड में तिरुपति बालाजी मंदिर की प्रतिकृति बनाने की घोषणा की।

मुख्य बिंदु:

- झारखंड सरकार ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी से राज्य में भगवान बालाजी मंदिर स्थापित करने की गुहार लगाई।
- सूत्रों के अनुसार, देवगढ़ में मंदिर के निर्माण के लिये 100 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है, जिसमें 12 ज्योतिर्लिंगों में एक 'श्री वैद्यनाथ का मंदिर' और एक शक्ति पीठ भी शामिल है।
- TTD की योजना देश भर के प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश में भगवान बालाजी की कम-से-कम एक प्रतिकृति मंदिर स्थापित करने की है।
- ट्रस्ट पहले ही जम्मू, ऋषिकेश, दिल्ली, मुंबई, तमिलनाडु, तेलंगाना, ओडिशा आदि में मंदिर स्थापित कर चुका है।